रूस-बर्लिन के ट्रैवल मार्ट में दिखेगी प्रदेश के पर्यटन स्थलों की झलक

पर्यटन विभाग करेगा **प्रचार** मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : अगले माह रूस और बर्लिन में आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्ट में प्रदेश के पर्यटन स्थलों की झलक भी दिखेगी। पर्यटन विभाग इन विदेशी आयोजनों में प्रदेश के पर्यटन स्थलों का भी प्रचार करेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि विदेश में होने वाले दोनों ट्रैवल मार्ट में पूरी तैयारी के साथ भाग लिया जाए। उन्होंने रूस व बर्लिन में आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्ट में प्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार की तैयारियों की समीक्षा भी की।

पर्यटन भवन के सभागार में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि विभाग की सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा किया जाए। परियोजनाओं में स्वीकृत डिजाइन के अनुसार ही काम कराया जाए। विभागीय परियोजनाओं में विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चित्रकूट में कामदगिरी परिक्रमा मार्ग पर खुरदुरी टाइल्स अथवा

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह बुधवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में भाग लेते। साथ में प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम व अन्य● सूचना विभाग

पर्यटन मंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा, विभागीय परियोजनाओं में विलंब के जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

पत्थर लगाने के निर्देश दिए हैं। पर्यटन मंत्री ने पर्यटन के क्षेत्र में होने वाले 26805.68 करोड़ रुपये के निवेश की परियोजनाओं की भी समीक्षा की। कहा कि इन परियोजनाओं के तहत प्रदेश में 48,373 आवासीय कक्षों का निर्माण किया जाना है। चालू वित्तीय वर्ष में 17,854 आवासीय कक्षों का निर्माण प्रस्तावित है।

उन्होंने प्रदेश के 12 पर्यटन सर्किटों में स्थित प्राचीन पर्यटन स्थलों के इतिहास, मुख्य मार्ग से दूरी, अवस्थापना सुविधाएं, स्थल की लोकप्रियता सहित पूर्ण विवरण के लेखन के निर्देश भी दिए। पर्यटन मंत्री ने विंध्य, अयोध्या, ब्रजतीर्थ, चित्रकूटधाम, देवीपाटन, शुक्रतीर्थ व नैमिषारण्य विकास परिषदों के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम व निदेशक प्रखर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।